समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# अब्दुल कलाम पर बनेगी बायोपिक, साउथ के सुपरस्टार धनुष निभाएंगे 'मिसाइल मैन' की भूमिका।

Publisher Published on 22 May 2025



## अब्दुल कलाम की जिंदगी बड़े पर्दे पर, धनुष निभाएंगे मुख्य किरदार।

भारत के **पूर्व राष्ट्रपति** और **मिसाइल मैन** के नाम से मशहूर **डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम** की ज़िंदगी अब सिल्वर स्क्रीन पर उतरने वाली है। हाल ही में **कान्स फिल्म फेस्टिवल** में इस **बायोपिक** की घोषणा की गई। फिल्म का नाम "**कलाम**" होगा, और इसका निर्देशन करेंगे '**तान्हाजी**' और '**आदिपुरुष**' फेम ओम राऊत। खास बात यह है कि इस फिल्म में **डॉ. कलाम** की भूमिका निभाएंगे साउथ सुपरस्टार धनुष।

**'विंग्स ऑफ फायर' पर आधारित होगी फिल्म**
यह फिल्म **डॉ. कलाम** की आत्मकथा "**विंग्स ऑफ फायर**" पर आधारित होगी, जिसमें उनके बचपन से लेकर भारत के राष्ट्रपति बनने तक का प्रेरणादायक सफर दिखाया जाएगा।

फिल्म में उनकी वैज्ञानिक उपलब्धियां, **इसरो** और **DRDO** में योगदान, **अग्नि** और **पृथ्वी मिसाइल** परियोजनाएं, और उनका राष्ट्रपति कार्यकाल प्रमुख रूप से दर्शाया जाएगा। यह फिल्म न सिर्फ युवाओं को प्रेरित करेगी, बल्कि भारत के वैज्ञानिक इतिहास को भी बड़े परदे पर दिखाएगी।

**टीम** और निर्माण से जुड़ी जानकारी
**निर्माता :** अभिषेक अग्रवाल और भूषण कुमार
**निर्देशक :** ओम राऊत
**कहानी :** सायवन क्वाड्रस (जिन्होंने 'नीरजा' और 'मैदान' जैसी बायोपिक लिखी है)

**मुख्य कलाकार : धनुष (राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता)**

**धनुष** और **ओम राऊत** दोनों ही अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतरीन माने जाते हैं, ऐसे में इस जोड़ी से काफी उम्मीदें हैं।

## फिल्म रिलीज डेट और अन्य प्रोजेक्ट्स

हालांकि फिल्म "**कलाम**" की रिलीज डेट अभी घोषित नहीं की गई है, लेकिन इससे पहले धनुष की फिल्म "**तेरे इश्क मे**" रिलीज होने वाली है, जिसमें **कृति सेनन** मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म **आनंद एल राय** के निर्देशन में बनी है।

## ट्रोल हुए ओम राऊत, लेकिन फैन्स को है उम्मीद

ओम राऊत के निर्देशन में '**आदिपुरुष**' जैसी फिल्म की आलोचना के बाद, सोशल मीडिया पर उन्हें कुछ यूज़र्स ने ट्रोल भी किया। लेकिन साथ ही फैन्स को उम्मीद है कि वे **डॉ. कलाम** जैसी महान हस्ती पर एक गंभीर और प्रेरणादायक फिल्म बनाएंगे।

ओम राऊत ने कहा, "आज के समय में जहां सच्चे नेताओं की कमी महसूस होती है, वहां कलाम जैसे लोग राजनीति से अलग होकर भी असाधारण व्यक्तित्व बन जाते हैं।"

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.